हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 3 अगस्त 2026

06 एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण...

07 खरीदी व्यवस्था सुधारने, प्रशासन मैदान में आया...

खबर संक्षेप

एसआईएस सिक्योरिटी लगाएगी रोजगार मेला

नर्मदापुरम। जिले के प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एसआईएस सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड, सिंगरौली द्वारा जिले के सभी विकासखंडों में रोजगार शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन द्वारा सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। 3 अगस्त को पिपरिया, 4 अगस्त को बनखेड़ी, 5 अगस्त को सिवनी मालवा, 6 अगस्त को केसला तथा 7 अगस्त को नर्मदापुरम जपं में रोजगार शिविर आयोजित होंगे।

एक जिला-एक उत्पाद योजना में शामिल पर्यटन

नर्मदापुरम। मां नर्मदा की पावन धारा, सतपुड़ा की हरित वादियां, प्राचीन पुरातात्विक धरोहरें, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और रोमांच से भरपूर प्राकृतिक पर्यटन स्थलों के कारण नर्मदापुरम प्रदेश के प्रमुख पर्यटन जिलों में अपनी सशक्त पहचान बना रहा है। पर्यटन अवसंरचना के विकास, नए पर्यटन स्थलों की पहचान, साहसिक, ग्रामीण, धार्मिक एवं ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

पुलिस ने तत्काल की कार्रवाई, आरोपी को पकड़कर निकाला जुलूस

कपड़ा व्यापारी पर युवक ने किया चाकू से हमला; घायल, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी में कपड़ा व्यापारी पर एक युवक ने चाकू से हमला कर दिया। आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया।

एक बार फिर जिले में चाकूबाजी और अड़ी बाजी की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। अपराधियों को हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं। वहीं पुलिस द्वारा भी अपराधियों पर अंकुश लगाने गश्त बढ़ा दी गई है। पिछले 15 दिन पहले जिला मुख्यालय पर चाकूबाजी की वारदात हुई थी, जब शराब के लिए 1000 रुपए नहीं दिए तो युवक पर किया हमला किया था और आरोपी फरार हो गया था। वहीं अब जिले के इटारसी के रेलवे स्टेशन क्षेत्र में रविवार को दिनदहाड़े कपड़ा व्यापारी पर चाकू से हमला कर दिया गया। घटना यातायात पुलिस चौकी के ठीक सामने हुई, जहां मोलभाव को लेकर हुए विवाद के बाद एक युवक ने व्यापारी की जांघ पर चाकू मार दिया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है।

बढ़ रहीं चाकूबाजी की घटनाएं

पिछले 1 सप्ताह में इटारसी, पथरौटा में चाकूबाजी की 8 से ज्यादा घटनाएं हो चुकी हैं। एक वारदात में हत्या भी हुई थी।

दोपहर में कपड़े खरीदने गए युवकों ने किया विवाद, युवक ने किया चाकू से हमला

जानकारी के अनुसार, शेख अशरफ (22) पिता असलम रोज की तरह रेलवे स्टेशन के सामने कपड़ों का ठेला लगाए हुए था। दोपहर करीब 12:10 बजे दो युवक कपड़े खरीदने पहुंचे। मोलभाव के दौरान किसी बात पर विवाद हो गया, जिसके बाद दोनों वहां से चले गए। कुछ देर बाद एक युवक वापस लौटा और अशरफ को संभलने का मौका दिए बिना उसकी जांघ पर चाकू से हमला कर भाग गया था।

पकड़ाया आरोपी, निकाला जुलूस

थाना प्रभारी सौरभ पांडे ने बताया कि कपड़ा खरीदने आए युवकों का मोलभाव को लेकर व्यापारी से विवाद हुआ था। कुछ देर बाद उनमें से एक युवक लौटकर आया और व्यापारी के पैर में चाकू मार दिया। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में मुख्य आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी की पहचान त्रिवेंद्र उर्फ रामू (21 वर्ष) निवासी नाला मोहल्ला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी का शहर के मुख्य रास्तों पर पैदल जुलूस निकाला। इस दौरान आरोपी हाथ जोड़कर माफी मांगी।

घायल को पहुंचाया तत्काल अस्पताल, चिकित्सक रख रहे हालत पर नजर

चाकू लगने के बाद अशरफ मौके पर ही गिर पड़ा। मौजूद लोगों ने उसे तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने घायल की जांघ पर तीन टांके लगाए। अधिक रक्तस्राव होने से हालत पर डॉक्टरों की निगरानी रखी जा रही है। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके पर पड़े खून के निशानों को साफ कराया।

अवैध खनिज उत्खनन व परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

खनिज विभाग ने तीन वाहन किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में खनिज माफियाओं के खिलाफ जिला प्रशासन ने मोर्चा खोल दिया है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के सख्त निर्देशों के बाद, खनिज विभाग ने रेत और अन्य गौण खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी सघन अभियान के तहत खनिज विभाग की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर अवैध कारोबार में लिप्त तीन वाहनों को जब्त किया है।

इटारसी रोड पर कार्रवाई

गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए डंपर क्रमांक MP04HE5024 को रंगे हाथों पकड़ा गया। वाहन को जब्त कर सुरक्षा के लिहाज से क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (RTO) परिसर में खड़ा कराया गया है।

ग्राम रायपुर में दबिश

यहां अवैध रूप से रेत का उत्खनन करते हुए एक वाहन को जब्त किया गया है। इस वाहन को नर्मदापुरम के देहात पुलिस थाने की अभिरक्षा में रखा गया है।

फोरलेन पर चेकिंग

गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए एक अन्य डंपर क्रमांक MP16E5029 को पकड़ा गया। इस वाहन को भी जब्त कर RTO कार्यालय परिसर में सुरक्षित रखवाया गया है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के स्पष्ट निर्देश हैं कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन या परिवहन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनके इसी कड़े रुख के बाद खनिज विभाग की टीमें लगातार गश्त और नाकेबंदी कर रही हैं। प्रशासन की इस अचानक हुई कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

आबकारी विभाग ने पकड़ी 4.41 लाख की अवैध मदिरा व लाहन

इटारसी में आबकारी विभाग ने कार्रवाई के दौरान 10 प्रकरण भी बनाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

वैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के सख्त निर्देशों और जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में टीम ने इटारसी शहर और आसपास के क्षेत्रों में छापेमारी कर 4.41 लाख रुपये कीमत की अवैध मदिरा और महुआ लाहन जब्त किया है।

आबकारी विभाग की टीम ने इटारसी शहर और औद्योगिक क्षेत्र के गरीबी लाइन, नाला मोहल्ला, सूरजगंज तथा ग्राम माहौला पंडरी में विशेष दबिश दी। इस कार्रवाई के दौरान 80 लीटर हाथ भट्टी शराब और 4,250 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। मौके पर जब्त की गई इस सामग्री की अनुमानित कीमत 4 लाख 41 हजार रुपये आंकी गई है। अभियान के तहत मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) और (च) के तहत कुल 10 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन और संग्रहण के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस सफल कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रमेश अहिरवार, उपनिरीक्षक केके पड़रिया सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की अहम भूमिका रही

मूंग उपार्जन में पारदर्शिता के लिए प्रशासन अलर्ट, मूंग स्टॉक का हो रहा भौतिक सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में समर्थन मूल्य पर जारी मूंग उपार्जन प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष निगरानी अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत पूर्व वर्षों में भंडारित मूंग के अवैध रूप से उपार्जन केंद्रों पर विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से विशेष दलों द्वारा मंडियों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में एसडीएम सिवनी मालवा विजय राय द्वारा विकासखंड स्तर पर तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के नेतृत्व में विशेष दलों का गठन किया गया है। इन दलों को मूंग उपार्जन प्रक्रिया के प्रभावी प्रबंधन, नियंत्रण एवं सतत मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कलेक्टर के निर्देशों के अनुपालन में गठित दलों द्वारा कृषि उपज मंडी परिसर एवं विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों में उपलब्ध मूंग के स्टॉक का नियमित भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मंडी से अनुज्ञा पत्रों के माध्यम से माल की निकासी का सत्यापन किया जा रहा है, वहीं आकस्मिक रूप से बाहर जाने वाले माल की भी सूक्ष्मता से जांच एवं समीक्षा की जा रही है।

आस्था, प्रकृति और स्नेह के रंग में रंगेगा अगस्त

नर्मदापुरम। पहले सावन सोमवार पर शिवालयों में उमड़ेंगे श्रद्धालु नर्मदा पुरम।अगस्त का महीना धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से फलदायी और उल्लासपूर्ण रहेगा। हर सप्ताह मंदिरों और घरों में अनुष्ठान आयोजित होंगे। आज सावन के पहले सोमवार के साथ ही व्रत और जलाभिषेक की शुरुआत होगी। 5 अगस्त को बलराम महोत्सव, 12 अगस्त को हरियाली अमावस्या, 17 अगस्त को नाग पंचमी, 23 अगस्त को पवित्रा एकादशी और 28 अगस्त को रक्षाबंधन और इसके बाद 29 अगस्त को भुजरिया पर्व मनाया जाएगा। पहले सावन सोमवार पर भोलेनाथ का महा अभिषेक होगा । जगह-जगह महा रुद्राभिषेक कावड़ यात्रा सहित अन्य धार्मिक आयोजन होंगे।

भाजपा नगर मंडल की मासिक बैठक सम्पन्न संगठन विस्तार और कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पुरानी इटारसी की मासिक बैठक अभिनंदन हॉल, पुरानी इटारसी में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक विषयों,आगामी कार्यक्रमों तथा नगर परिषद चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। संगठन की मजबूती ही प्रत्येक चुनाव में सफलता का आधार है।

बैठक के प्रारंभ में नगर मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वागत भाषण दिया। बैठक में मंडल प दा धि का री , वि धा य क प्रतिनिधि,मोर्चा पदाधिकारी, पार्षदगण, शक्ति केंद्र संयोजक, सह सयोजक, बूथ अध्यक्ष, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सपाक्स स्पीक संस्था की बैठक में पदोन्नति नियम का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सपाक्स स्पीक संस्था की मासिक बैठक पत्रकार भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पंडित जगदीश मिश्रा और महेश कुमार शर्मा द्वारा की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष द्वारा मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पदोन्नति नियम 2025 के तहत पदोन्नति दिए जाने का कड़ा विरोध किया । साथ ही माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा पदोन्नति नियम 2002 को खारिज किए जाने के उपरांत भी पदोन्नति का लाभ लेने वालों को सरकार द्वारा मूल पद पर वापस ना करके उनको पदोन्नति देने दिए जाने का निर्णय का कड़ा विरोध किया गया। इससे सामान्य वर्ग के साथ बहुत बड़ा अन्याय हो जाएगा ।सामान्य वर्ग का व्यक्ति जिस पद पर पहले था वह व्यक्ति इस पद पर अपनी शासकीय सेवा समाप्त कर देगा। इस अन्याय को रोकने के लिए सपाक्स स्पीक संस्था ने माननीय उच्च न्यायालय का निर्णय राज्य सरकार द्वारा ना मानने पर सरकार को सूचित किया कि अगर माननीय उच्च न्यायालय का निर्णय नहीं माना गया तो इसका सपाक्स संस्था कड़ा विरोध करेगी । सभा में जिला अध्यक्ष के एन त्रिपाठी द्वारा महेश कुमार शर्मा को समाज का जिला अध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया गया । साथ ही मनोज कुमार चतुर्वेदी को उपकोषाध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया गया।

वारदातः शराब के पैसों को लेकर विवाद में चाचा भतीजे पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के सोनासांवरी नाका क्षेत्र स्थित महर्षि नगर वार्ड नंबर 14 में शुक्रवार देर रात शराब के पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने चाचा-भतीजे पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे की है। फाइनेंस कंपनी में कार्यरत सुनील उर्फ लक्ष्मी नारायण मालवीय (44) का उनके पड़ोसी महेश मेहरा से विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। चाचा की हालत गंभीरः चाकू लगने से लक्ष्मी नारायण के पेट की तिल्ली फट गई और आंतें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। उन्हें गंभीर अवस्था में 'दयाल मल्टीस्पेशलिस्ट अस्पताल' में भर्ती कराया गया, जहां डॉ. अचलेश्वर दयाल ने ऑपरेशन कर उनकी जान बचाई। उनके पेट पर 25 से 30 टांके आए हैं। बचाने पहुंचे भतीजे पर भी वारः घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे भतीजे अनूप रैकवार ने जब अपने चाचा को बचाने की कोशिश की, तो आरोपी महेश ने उन पर भी हमला कर दिया। अनूप के पेट में चाकू लगने से 5 से 6 टांके आए हैं, जिनका इलाज इटारसी के सरकारी अस्पताल में जारी है। इटारसी थाना प्रभारी सौरभ पांडे ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और आरोपी महेश मेहरा को हिरासत में ले लिया है। पुलिस मामले की आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।



अखिल भारतीय कायस्थ समाज ने एसपी कार्यालय में किया पौधरोपण

पौधे हमारी प्राकृतिक संपदा ही नहीं बल्कि यह हमारी भावी पीढ़ियों के अस्तित्व और स्वस्थ जीवन का आधारः एएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पर्यावरण संतुलन और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति एवं पुरुष वर्ग द्वारा चलाए जा रहे साप्ताहिक अभियान के तहत रविवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर स्थित गार्डन में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान परिसर में फलदार अमरूद, सौंदर्यवर्धक गुलाब के अलावा पवित्र और औषधीय गुणों से भरपूर तुलसी के पौधे रोपे गए।

इस दौरान एएसपी अभिषेक राजन ने कहा कि पेड़-पौधे केवल हमारी प्राकृतिक संपदा नहीं हैं, बल्कि यह हमारी भावी पीढ़ियों के अस्तित्व और स्वस्थ जीवन का मूल आधार भी हैं। आज रोपा गया एक-एक पौधा आने वाले कल के लिए शुद्ध वायु और सुरक्षित पर्यावरण का आधार स्तंभ बनेगा। पर्यावरण को बचाना केवल सरकारी तंत्र या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह समाज के हर एक व्यक्ति का नैतिक धर्म है। पौधारोपण यह कार्य सराहनीय है।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख व्यक्तित्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन, रक्षित निरीक्षक स्नेहा चंदेल, उमेश तिवारी, कमलेश डाबर, अनिकेश रोशन, धर्मेंद्र, राजेन्द्र श्रीवास्तव, अभय वर्मा, विजय वर्मा, सुनील राय, सी.बी. खरे, ऋषिकेश श्रीवास्तव, माधवदेव वर्मा, लालता प्रसाद, आदित्य गुड्डू वर्मा आदि मौजूद रहे।

अटल बिहारी पार्क में साईं समिति ने लगाए फूलदार, फलदार पौधे

प्रेम तरू अभियान के तहत रविवार को भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई पार्क मालाखेड़ी रोड़ पर साईं समिति के सदस्यों ने प्रेम तरू अभियान के चलते पौधारोपण किया। जिला प्रभारी कृष्ण देव नारायण त्रिपाठी के नेतृत्व में पौधारोपण अभियान चलाया। जिसमें अशोक जामुन पीपल इत्यादि के 12पौधे लगाएं। इस दौरान त्रिपाठी ने कहा प्रेम तरू अभियान का यह छटवां पुष्प अर्पित किया गया है। लगायें गये पौधें सुरक्षित जगह चयन पर ही लगायें हैं । समय -समय पर हम पौधों की देखरेख कर संरक्षण भी करते रहेंगे।

प्रत्येक माह नपा करेगी राष्ट्रगान का आयोजन

नर्मदापुरम। हर माह के प्रथम कार्यदिवस पर नगरपालिका कार्यालय परिसर में वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान का आयोजन किया जाएगा। आयोजन नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशन में हर माह के प्रथम कार्यदिवस पर वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान का आयोजन प्रारंभ किया जा रहा है। सोमवार 3 अगस्त को सुबह 10 बजे कार्यालय परिसर में वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान का आयोजन होगा। इस गरिमामय आयोजन में विधायक प्रतिनिधि, नपा के समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण, सभापति, पार्षदगण एवं एल्डरमेन सादर आमंत्रित हैं। सोनी ने बताया कि उक्त आयोजन प्रत्येक माह की 01 तारीख को आयोजित किया जाएगा। यदि 01 तारीख को किसी प्रकार का शासकीय अवकाश रहता है, तो कार्यक्रम अगले कार्यदिवस को आयोजित किया जाएगा।

यातायात नियमों की अनदेखी पर पुलिस का कड़ा प्रहार, पहले ही दिन 195 वाहनों का काटा चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने और वाहनों पर फर्जी वीआईपी रौब झाड़ने वालों के खिलाफ नर्मदापुरम पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर 1 से 10 अगस्त तक चलने वाले विशेष प्रवर्तन अभियान के पहले ही दिन पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर 195 वाहनों पर कार्रवाई की। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से 81,800 का जुर्माना वसूला गया।

इस विशेष अभियान के तहत निजी वाहनों में लगाए गए अवैध हूटर, सायरन, फ्लैशर लाइट, सरकारी व वीआईपी स्टिकर, पदनाम, मोनोग्राम, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट और चार पहिया वाहनों के शीशों पर लगी ब्लैक फिल्म की बारीकी से जांच की जा रही है। पुलिस टीमों ने जिले के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर नाकेबंदी कर मोटर वाहन अधिनियम के तहत यह सख्त कार्रवाई की।



अधिकारियों के मार्गदर्शन में चल रहा अभियान

यह सघन जांच अभियान पुलिस अधीक्षक साईंकृष्ण एस. थोटा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। इसका नेतृत्व उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संतोष मिश्रा कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मोटर वाहन अधिनियम का सख्ती से पालन कराना, विशेषाधिकार (वीआईपी स्टेटस) का झूठा प्रदर्शन करने वालों पर लगाम कसना और जिले की यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाना है।

चेकिंग के दौरान पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यह विशेष अभियान 10 अगस्त तक बिना रुके जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

खबर संक्षेप

माचना नदी में डूबने से युवक की मौत

शाहपुर। रविवार को शाहपुर के समीप माचना नदी के बटकीडोह घाट पर पिकनिक मनाने गए छह युवकों में से एक युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साथियों ने तत्काल परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को नदी से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भौंरा एवं शाहपुर के छह युवक रविवार को पिकनिक मनाने के लिए शाहपुर के समीप गए थे। लौटते समय सभी युवक माचना नदी स्थित बटकीडोह घाट पर नहाने के लिए रुके। इसी दौरान भौंरा निवासी आदित्य पांडे (पिता कृष्णकांत पांडे) गहरे पानी में चले गए। बताया जा रहा है कि नहाते समय शरीर में अधिक पानी भर जाने से वे डूब गए। घटना के बाद साथियों ने तत्काल परिजनों को फोन पर सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर शाहपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमरे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने युवक को नदी से बाहर निकलवाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच की जा रही है। हादसे के बाद मृतक के परिवार में शोक का माहौल है।

बलराम कृषि महोत्सव आज होगा आयोजित

बैतूल। बैतूल जिला मुख्यालय पर 3 अगस्त 2026, सोमवार को दोपहर 12 बजे कृषि उपज मंडी बड़ोरा में बलराम कृषि महोत्सव आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअल माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए जिले के किसानों को संबोधित करेंगे। साथ ही वे जिले के प्रगतिशील किसानों से संवाद भी करेंगे। महोत्सव में किसानों को कृषि क्षेत्र की नवीन तकनीकों, आधुनिक कृषि पद्धतियों एवं नवाचारों की जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम स्थल पर कृषि एवं संबद्ध विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर आधारित विभागीय प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी, जिनके माध्यम से किसानों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। जिला प्रशासन, बैतूल ने जिले के कृषकों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं तथा कृषि क्षेत्र की नवीन जानकारियों का लाभ प्राप्त करें।

12 साल पहले मिले थे 4 हजार 246 मरीज, अब मिले सिर्फ दो ही मरीज

स्वास्थ्य विभाग की सतर्कता और सावधानी बरतने के बाद मलेरिया हुआ नियंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मच्छरजनित बीमारियों के फैलाव के मामले में राहत भरी स्थिति सामने आई है। स्वास्थ्य विभाग की सतर्कता और लोगों के सेहत के प्रति सावधानी बरतने के फलस्वरूप जिले में मलेरिया के सिर्फ दो मरीज सामने आये है। यह मरीज भी बाहर से आए हुए है। जबकि बीते 12 साल पहले मलेरिया की स्थिति बेहद चिंताजनक थी। वर्ष 2014 में जिले में 4246 मरीज मिले थे। लेकिन साल दर साल मलेरिया रोगियों की तादाद में भारी गिरावट आने का कारण सावधानी बरतना रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में सामुदायिक और व्यक्तिगत स्वच्छता को लेकर लोग अधिक गंभीर नजर आ रहे हैं। यही वजह है कि इस साल मच्छरों से होने वाली संक्रामक बीमारियों का लोग कम शिकार हुए हैं।

मलेरिया विभाग के अधिकारियों का कहना है कि स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की टीमें लगातार गांव-गांव जाकर लोगों को मच्छरजनित बीमारियां की रोकथाम के लिए जागरूक करती रहीं हैं। मलेरिया विभाग द्वारा मलेरिया हाइरिस्क जोन के गांव में घर घर मच्छरमार दवा का छिडक़ाव तथा पानी भरने वाले स्थानों पर छिडक़ाव कराया गया। मच्छर का लार्वा खाने वाली गम्बूशिया मछली डाली गई और लार्वा सर्वे तथा मलेरिया रोगी के घरों के आसपास सर्वे हुआ है। इस वजह से लोग बीमारियां से बचे रहे।

जून से अक्टूबर तक आते हैं सबसे ज्यादा मरीज

डॉक्टरों के मुताबिक जून से अक्टूबर माह तक डेंगू और मलेरिया का सबसे पीक सीजन होता है। बारिश के मौसम में जलजमाव से मच्छरों की उत्पत्ति बढ़ जाती है। बर्तनों में 15 दिनों से अधिक समय तक पानी भरा रहने पर इसमें डेंगू और मलेरिया फैलाने वाले मच्छर का लार्वा पनपने लगता है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग का अमला घरों में जाकर जमा पानी को फेंकने की सलाह देता है। विभाग आबादी क्षेत्रों में पानी वाले स्थानों पर दवा का छिडक़ाव कर लार्वा को नष्ट कराता है। जिला मलेरिया अधिकारी जितेंद्र सिंह राजपूत के अनुसार, वर्ष 2016 में बैतूल आने के समय मलेरिया नियंत्रण सबसे बड़ी चुनौती थी। उस समय जिले की भौगोलिक स्थिति भी बीमारी के प्रसार के लिए अनुकूल थी। घने जंगल, दुर्गम गांव, खराब सडक़ें और बारिश में कट जाने वाले रास्तों के कारण स्वास्थ्य टीमों को कई जगह पहुंचने में परेशानी होती थी।

बैतूल में ऐसे घटा मलेरिया का ग्राफ

वर्ष	मरीज
2014	4246
2015	3600
2016	1946
2017	1424
2018	391
2019	84
2020	19
2021	06
2022	04
2023	04
2024	05
2025	06
2026	02

डेंगू के भी मिले थे 7 मरीज मिले, सभी स्वस्थ

जिले में इस साल 30 जून तक मलेरिया के अलावा डेंगू के भी 7 मरीज मिले थे। यह मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ हो चुके है। इसके अलावा मलेरिया के दो मरीज सामने आये थे। यह दोनों मरीज बाहर से आए थे। इन मरीजों में एक मरीज घोड़ाडोंगरी और एक मरीज शाहपुर ब्लाक का था। वहीं डेंगू के मरीजों में सेहरा के दो मरीज, घोड़ाडोंगरी के दो मरीज, आमला के 2 मरीज और 1 भैंसदेही ब्लाक का मरीज शामिल है। मलेरिया विभाग का कहना है कि विभाग ने शुरू से सतर्कता बरतते हुए मैदानी स्तर पर एहतियाती उपाय कर लिए गए थे। मैदानी कार्यकर्ताओं के साथ ब्लाक व जिला स्तर तक अधिकारियों ने तालमेल से काम किया। सबसे बड़ी बात इस बार आम लोग अपनी सेहत की सुरक्षा को लेकर गंभीरता दिखाते हुए पूरी सावधानी बरत रहे हैं।

6 माह के अंदर जिले में हुई 1 लाख 17 हजार जांचे

मलेरिया विभाग द्वारा 30 जून तक जिले में 1 लाख 17 हजार लोगों की जांच की। जिसमें मलेरिया का एक भी मरीज जिले में नहीं पाया गया। वहीं डेंगू की 46 जांचे की गई। हालांकि बैतूल जिला मलेरिया-डेंगू प्रभावित जिला रहा है। यहां पहले बड़ी संख्या में मरीज सामने आते थे। कई मरीजों की जान भी मलेरिया-डेंगू की वजह से जा चुकी है, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। एक तरफ से जिले में मलेरिया का खत्म ही हो चुका है। अन्यथा दस साल पहले वर्ष 2016 में बैतूल जिले में मलेरिया के 1946 मरीज सामने आये थे। इसके बाद धीरे-धीरे मरीजों की संख्या में कमी आने लगी। अब हालात यह है कि इस साल मलेरिया के सिर्फ दो मरीज सामने आये है। यह मरीज भी बाहर से आए थे, जो उपचार के बाद स्वस्थ हो चुके है।

कोरोना काल से आई मलेरिया मरीजों में कमी

जिले में कोरोना काल के समय और उसके बाद मलेरिया-डेंगू के मरीजों में तेजी से कमी आई है। वर्ष 2019 में जहां 84 मरीज जिले में मलेरिया के मिले थे, वहीं कोरोना संक्रमण के खतरे के चलते स्वास्थ्य विभाग की सतर्कता और लोगों के सेहत के प्रति सावधानी बरतने के फलस्वरूप मरीजों की संख्या घटकर वर्ष 2020 में 19 मरीज हो गई थी। वर्ष 2021 में 6, वर्ष 2022 में 4, वर्ष 2023 में 4, वर्ष 2024 में 5, वर्ष 2025 में 6 और वर्ष 2026 में अभी तक सिर्फ दो मरीज सामने आये है। इस साल मलेरिया रोगियों की तादाद में भारी गिरावट आने का कारण स्वास्थ्य महकमा एहतियात के उपायों पर प्रभावी अमल के साथ ही आमजन द्वारा सावधानी बरतना बता रहा है।

इनका कहना है -

जिले में मलेरिया काफी नियंत्रित है। इस साल 30 जून तक सिर्फ दो मरीज मलेरिया के मिले थे। यह मरीज भी बाहर से आये थे। इसके अलावा डेंगू के 7 मरीज सामने आये थे, जो अब उपचार के बाद स्वस्थ हो चुके है। मलेरिया में कमी का सबसे कारण विभाग की सतर्कता और लोगों में स्वस्थ के प्रति जागरूकता है।

- **जितेन्द्र राजपूत**, जिला मलेरिया अधिकारी, बैतूल

डान बास्को के पास से 32 अतिक्रमण कारियों को बेदखल करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के सदर क्षेत्र में स्थित डॉन बॉस्को स्कूल के पास शनिवार दोपहर नगर पालिका, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम ने अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान स्कूल के आसपास संचालित पान, गुटखा और चाय की दुकानों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई। नगर पालिका के अधिकारियों ने बताया कि डॉन बॉस्को स्कूल प्रबंधन की ओर से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि स्कूल के 100 मीटर के दायरे में पान-गुटखा और अन्य दुकानें संचालित हो रही हैं। इससे स्कूल के आसपास अनावश्यक भीड लगने के साथ ही विद्यार्थियों के लिए भी असुविधा की स्थिति बन रही थी। शिकायतों के आधार पर संबंधित विभागों ने संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को समझाइश दी और उन्हें अपनी दुकानें स्वयं हटाने के लिए दो दिन का अतिरिक्त समय दिया। फिलहाल अधिकांश दुकानदार स्वयं ही अपना सामान हटाने और दुकानें खाली करने में जुट गए हैं। नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी यदि किसी ने अतिक्रमण नहीं हटाया तो प्रशासन द्वारा सख्ती से कार्रवाई करते हुए शेष अतिक्रमण हटाया जाएगा। इस अभियान के दौरान पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा, जिससे कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि स्कूलों और अन्य संवेदनशील संस्थानों के आसपास नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। वहीं स्थानीय लोगों ने भी स्कूल के आसपास अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का स्वागत करते हुए इसे विद्यार्थियों की सुरक्षा और सुव्यवस्थित यातायात के लिए जरूरी कदम बताया।

अतिक्रमणकारियों में हड़कंप, विधायक से मिले

इधर नोटिस मिलते ही अतिक्रमणकारियों में हडक़ंप मच गया है। सभी ने रविवार को बैतूल प्रवास पर आए विधायक एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मुलाकात कर अपनी पीड़ा जाहिर की। अतिक्रमण करने वाले लोगों ने बताया कि वे 25 वर्षों से यहां पर छोटी-मोटी दुकान लगाकर परिवार चला रहे हैं, लेकिन अतिक्रमण हटने के बाद उनकी रोजी रोटी पर संकट आ जाएगा। अतिक्रमणकारियों को विधायक ने उनसे चर्चा करने का आश्वासन दिया है। हालांकि विधायक ने अधिकारियों से क्या चर्चा की है, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। इससे अतिक्रमणकारी भयभीत है। दूसरी तरफ प्रशासन ने सोमवार सुबह से अतिक्रमण हटाने की तैयारी शुरू कर दी हैं।

नोटिस जारी किया

नगरपालिका डॉन बास्को के पास सडक़ का निर्माण कर रही है। नगरपालिका के पत्र के अनुसार 32 अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किये है। सोमवार को अतिक्रमण न हटाने पर नपा, पीडब्ल्यूडी, राजस्व विभाग और पुलिस विभाग द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाया जायेगा।

अखिलेश कवड़े, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी बैतूल।

समाचार पत्र सरकार और जनता के बीच सबसे मजबूत कड़ी: प्राचार्य लिल्होरे

लेखन गतिविधि में छात्राओं ने पत्रकार बनकर लिखीं अपने आसपास की खबरें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

ई.एफ.ए. शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, बैतूल गंज में प्रथम शनिवार को गौरवमयी भारत विषय पर आयोजित बाल सभा में छात्राओं को समाचार पत्र लेखन की बारीकियों से अवगत कराया गया। सी.सी.एल.ई. की सामूहिक गतिविधि के तहत छात्राओं ने स्वयं समाचार संकलित कर अखबार तैयार किया और पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं को व्यवहारिक रूप से समझा। कार्यक्रम में प्राचार्य ललितलाल लिल्होरे ने समाचार पत्र को सरकार और जनता के बीच सबसे सशक्त कड़ी बताते हुए जागरूक समाज के निर्माण में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रभारी शिक्षक महेश गुंजेले ने बताया कि 1 अगस्त 2026 को आयोजित बाल सभा में छात्राओं को समाचार पत्र लेखन की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि समाचार पत्र हमारे दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जिनके माध्यम से देश-दुनिया की घटनाओं, समाज की दिशा-दशा और समसामयिक गतिविधियों की जानकारी मिलती है। उन्होंने बताया कि भारत में एक लाख से अधिक पंजीकृत प्रकाशन हैं और प्रिंट मीडिया का व्यवसाय विश्व में दूसरे स्थान पर है। सी.सी.एल.ई. की सामूहिक गतिविधि के अंतर्गत रानी दुर्गावती सदन, मीराबाई सदन, रानी लक्ष्मीबाई सदन तथा अहिल्याबाई सदन की छात्राओं ने अपना समाचार शीर्षक से स्वयं का समाचार पत्र प्रकाशित किया। छात्राओं ने अपने आसपास की घटनाओं को पत्रकार की दृष्टि से देखा, उन्हें समाचार के रूप में लिखा, उनके प्रभाव और भावनात्मक पक्ष को समझा तथा समाचारों का संकलन कर अपने समाचार पत्र को नाम और डिजाइन देकर प्रकाशित किया।

समाचार पत्र जागरूक समाज की पहचान: प्राचार्य

प्राचार्य ललितलाल लिल्होरे ने कहा कि समाचार पत्र लोगों को वर्तमान घटनाओं के प्रति जागरूक बनाए रखते हैं और समाज में सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। जब नागरिक प्रश्न पूछते हैं और समसामयिक विषयों पर रुचि दिखाते हैं तो यह उनकी जागरूकता का परिचायक होता है। उन्होंने कहा कि समाचार पत्र सरकार और आम जनता के बीच सबसे अच्छी कड़ी का कार्य करते हैं। शिक्षिका सुजाता खान ने बताया कि इस गतिविधि के माध्यम से छात्राओं ने समाचार लेखन का शिल्प, सही और गलत खबर की पहचान, गुणवत्तापूर्ण समाचार लेखन, जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी खबर तैयार करना, प्रूफ रीडिंग तथा संपादकीय लेखन जैसी विधाओं का अभ्यास किया। साथ ही राजनीति, खेल, रक्षा, प्रचार-प्रसार सहित समाचार पत्र के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली को भी समझा।

सहयोग और नेतृत्व कौशल का हुआ विकास

शिक्षिका टीना साहू ने बताया कि समाचार पत्र लेखन गतिविधि से छात्राओं में सामूहिक कार्य, सहयोग की भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। साथ ही वे समाचार लेखन की कला सीखने के साथ जागरूक नागरिक बनने के जीवन कौशल भी विकसित करती हैं। बाल सभा के आयोजन में सुजाता खान, एस. साहू, रजनी राय, टीना साहू, सी. शुक्ला, एम. चौरसिया, सुनंदा उईके का सहयोग रहा, जबकि अशोक कवड़े एवं करण पंवार ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

मुखबिर की सूचना पर मंगोना कलां बस स्टॉप पर दबिश, महिला आरोपी मौके से फरार

65 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

बैतूल जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत मुलताई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 65 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं एक महिला आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गई, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमलेश खरपूसे एवं एसडीओपी मुलताई श्री एस.के. सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास पटेल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मंगोना कलां गेट स्थित बस स्टॉप पर एक पुरुष एवं एक महिला अवैध महुआ शराब बेचने की नीयत से खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस वाहन को देखकर महिला खेतों की ओर भाग निकली तथा साथ खड़े व्यक्ति को भी भागने के लिए आवाज दी। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान बस स्टॉप पर रखे तीन खाकी रंग के बोरों से कुल 65 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुई। जब्त शराब में दो 15-15 लीटर की प्लास्टिक कैन, एक 5 लीटर की कुप्पी तथा दो अन्य 15-15 लीटर की प्लास्टिक कैन शामिल हैं। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 6,500 रुपये बताई गई है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनिल नायक (38 वर्ष), निवासी नहाल मोहल्ला, प्रभातपट्टन के रूप में की है। वहीं अनीता नायक, निवासी प्रभातपट्टन, मौके से फरार हो गई, जिसकी तलाश की जा रही है।

एसडीओपी कार्यालय एवं उप जेल में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाए पौधे

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण विधायक देशमुख ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

विधायक ने एसडीओपी कार्यालय में ओपन जिम की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

प्रधानमंत्री के आह्वान पर संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रविवार को पवित्र नगरी मुलताई में एसडीओपी कार्यालय एवं उप जेल परिसर में व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक चंद्रशेखर देशमुख, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार, प्रशासनिक अधिकारियों तथा भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया कि अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक चंद्रशेखर देशमुख, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार, भाजपा जिला मंत्री वर्षा गढ़ेकर, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष चंद्रशेखर चंदेल, एसडीएम राजीव कहार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी तथा जेलर दिनेश डांगी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कहा कि लगातार घटती हरियाली के कारण वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ रही है, जबकि ऑक्सीजन का स्तर प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना समय की आवश्यकता है। प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण कर उनकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए, तभी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण मिल सकेगा। कार्यक्रम के दौरान विधायक देशमुख ने एसडीओपी कार्यालय परिसर में ओपन जिम की स्थापना की घोषणा भी की। इसके बाद उन्होंने उप जेल परिसर में भी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण कर अभियान को गति प्रदान की। पौधारोपण कार्यक्रम में नगर पालिका सभापति महेंद्र जैन, सुरेश पौनीकर, विजय शुक्ला, पार्षद अजय यादव, सुकांत बनर्जी, एल्डरमैन निलेश चावरिया, बीना पंजाबी, भाजपा नगर मंडल महामंत्री राघवेंद्र रघुवंशी, प्रहलाद सिंह परमार, सुधा परमार, ज्योति साहू, गोरी सूर्यवंशी, शेफाली पालीवाल, संजय सोनी, अभिषेक खंडेलवाल, रामदास साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

सरदार गंजन सिंह कोरकू की जयंती आज

बैतूल। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और 1930 के जंगल सत्याग्रह के महानायक सरदार गंजन सिंह कोरकू की जयंती पर 3 अगस्त को बैतूल में ऐतिहासिक एवं भव्य जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। जोहार सरकार बैतूल के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक सम्मान यात्रा, श्रद्धांजलि, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और समाज जागरण कार्यक्रम होंगे। आयोजन समिति ने बताया कि सरदार गंजन सिंह कोरकू ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के साथ देश की आजादी के लिए संघर्ष करते हुए आदिवासी समाज के स्वाभिमान को नई पहचान दिलाई। उनके त्याग, साहस और बलिदान की स्मृति में प्रतिवर्ष जयंती समारोह आयोजित किया जाता है। समारोह में समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा, मातृशक्ति और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल होंगे। आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास तथा आदिवासी वीरों के योगदान से परिचित कराना है।

मानसून की रफ्तार थमी, दो दिन से सिर्फ बूंदाबांदी

बैतूल जिला पिछले साल से 65.9 मिमी पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जिले में 30 जुलाई को हुई मूसलाधार बारिश के बाद मानसून की रफ्तार एक बार फिर धीमी पड़ गई है। पिछले दो दिनों से जिले में बारिश नहीं हुई। बारिश हुई भी तो इतनी नहीं हुई कि बारिश का आंकड़ा बढ़ सके। आसमान में बादल छाए रहने के बावजूद बारिश नहीं होने से उमस और गर्मी बढ़ गई है। वहीं, इस मानसून सीजन में जिला अब पिछले वर्ष की तुलना में करीब 65.9 मिमी बारिश से पीछे चल रहा है। 30 जुलाई को जिले में औसतन 65.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। उस दिन भैंसदेही में सबसे अधिक 107 मिमी और बैतूल मुख्यालय में 93.4 मिमी बारिश हुई थी, जिससे जलाशयों और नदी-नालों में अच्छी आवक हुई। लेकिन इसके बाद बारिश का सिलसिला थम गया। भू-अभिलेख शाखा के अनुसार, 2 अगस्त तक जिले में इस मानसून सीजन की औसत वर्षा 460 मिमी दर्ज की गई है। वहीं 1 और 2 अगस्त के दौरान जिले में औसतन केवल 1.3 मिमी बारिश हुई, जबकि बैतूल मुख्यालय में एक बूंद भी बारिश रिकॉर्ड नहीं की गई। पिछले वर्ष इसी अवधि तक जिले में 525.9 मिमी बारिश हो चुकी थी। इस तरह इस बार बैतूल में अब तक 65.9 मिमी कम वर्षा दर्ज की गई है। बारिश नहीं होने के बावजूद दिनभर बादल छाए रहने से वातावरण में नमी बनी हुई है। इससे उमस और चिपचिपाहट बढ़ गई है, जिससे लोगों को गर्मी का अहसास हो रहा है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद बैतूल (म.प्र.)

क्रमांक/जल.शा./ई./3416 एवं 3417 // ई-टेन्डर आमंत्रण सूचना // बैतूल दिनांक 30/07/2026

(प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना)

निम्नलिखित कार्य/ सामग्री हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

क्र.	ऑनलाईन निविदा क्र.	कार्य/सामग्री का विवरण	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2026_UAD_525366_1	COMPLETE CLEANING OF RAPID SAND FILTER UNITS (04 NOS.) INCLUDING REMOVAL OF OLD SAND, BACKWASHING, REFILLING OF GRAVEL SAND AND PROVIDING NEW SAND LAYER WITH ALL FITTINGS, FIXING AND SAFETY ARRANGEMENTS IN GREEN CITY VIVEKANAND WARD BETUL	1- 180 days 2- 382000/-	1-2,000/- 2-3800/-	17/08/2026
2.	2026_UAD_525368_1	BORE FLUSHING AND CLEANING WORK AT MUNICIPAL COUNCIL AREA BETUL	1- 365 days 2- 495000/-	1-2,000/- 2-4900/-	17/08/2026

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/nicgep/app की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बैतूल

खबर संक्षेप

दो वर्ष तक लेन-देन नहीं करने पर बैंक खाता हो सकता है निष्क्रिय

सीहोर। यदि किसी बैंक खाते में लगातार दो वर्ष या उससे अधिक समय तक कोई लेन-देन नहीं किया जाता है, तो वह खाता निष्क्रिय (इनऑपरेटिव) हो सकता है। ऐसे खाते का उपयोग दोबारा करने के लिए खाताधारक को अपने संबंधित बैंक से संपर्क कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करनी होगी। निष्क्रिय खाते को पुनः सक्रिय कराने के लिए खाताधारक अपने बैंक की किसी भी शाखा में जाकर अथवा उपलब्ध होने पर वीडियो केवाईसी सुविधा के माध्यम से अपना केवाईसी अपडेट करा सकते हैं। इसके बाद बैंक द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार खाते को पुनः सक्रिय किया जा सकता है। बैंक उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अपने बैंक खातों में समय-समय पर लेन-देन करते रहें तथा आवश्यकता पड़ने पर केवाईसी अपडेट कराकर अपने खाते को सक्रिय बनाए रखें, ताकि बैंकिंग सेवाओं का निर्बाध लाभ मिलता रहे।

100 डिफॉल्टर किसानों ने तीसरे नोटिस के बाद भी नहीं चुकाया 4-5 साल से बकाया केसीसी ऋण

सीहोर। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एसीबी शाखा सीहोर द्वारा तहसील कार्यालय में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के बकाया ऋण की वसूली के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आरआरसी (ऋण वसूली प्रमाणपत्र) जारी किए गए 100 डिफॉल्टर किसानों को तीसरे नोटिस के तहत उपस्थित होने के निर्देश दिए गए। बैंक अधिकारियों ने बताया कि संबंधित किसानों ने किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लिया गया ऋण पिछले चार से पांच वर्षों से जमा नहीं किया है। लगातार बकाया रहने के कारण इन खातों को एनपीए घोषित किया जा चुका है। बैंक द्वारा पूर्व में कई बार कानूनी नोटिस और लोक अदालत के माध्यम से भी भुगतान के लिए अवसर दिया गया, लेकिन ऋण का भुगतान नहीं होने पर आरआरसी की कार्रवाई शुरू की गई। विशेष वसूली शिविर में शाखा प्रबंधक, एसबीआई एसीबी शाखा के अधिकारी एवं सीहोर तहसीलदार ने किसानों से चर्चा कर उन्हें समय पर बकाया ऋण जमा करने की सलाह दी।

तीन दिन में हुई बारिश से संभली धान की फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर क्षेत्र में कुछ दिनों से बारिश हो रही है। धीमी गति से हुई बारिश के कारण खेतों में धान की फसल संभल रही है। कृषि प्रशिक्षक एवं उन्नत किसान सुभाष पटेल ने बताया कि पिछले दो-तीन दिन में हुई बारिश से धान की गड़ैयों में पानी कुछ मात्रा जमा हो गया है। जिससे अब फसल संभल सकती है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह से अधिक समय तक तेज धूप रही, जिसके कारण धान फसल बिगड़ने की संभावना बढ़ गई थी।

भाजपा मंडल कार्यसमिति बैठक संपन्न, विधायक ने दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मप्र भाजपा के निर्देशानुसार प्रतिमाह प्रथम सप्ताह में मंडलों की बैठक की जाती है। इसी क्रम में सोहागपुर भाजपा मंडल की बैठक रविवार को विधायक विजयपाल सिंह के कार्यालय में की गई।

सोहागपुर भाजपा मंडलाध्यक्ष अश्विनी सरोज ने बताया कि कार्यसमिति एवं कार्यकारिणी की बैठक में विधायक विजयपाल सिंह एवं मंडल प्रभारी अर्चना साहू का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को मिला। बैठक में मंडल क्षेत्र के पदाधिकारी,

जनप्रतिनिधि, महिला मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदे मातरम् के सामूहिक गान उपरांत संगठनात्मक विषयों पर चर्चा प्रारंभ हुई। विधायक ने कहा कि कार्यकर्ता ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है। सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना कार्यकर्ता का मुख्य दायित्व है। बैठक को मंडल प्रभारी अर्चना साहू ने भी संबोधित किया। बैठक में बूथ सशक्तीकरण, सदस्यता अभियान, सेवा गतिविधियों, संगठन विस्तार पर चर्चा की गई।

कार्यकर्ता रहे उपस्थित

इस दौरान मंचासीन अतिथियों में विधायक विजयपाल सिंह, मंडल प्रभारी अर्चना साहू, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, अभय खंडेलवाल, गौरव अग्रवाल व जयप्रकाश माहेश्वरी शामिल रहे।

असंतुष्ट किसान, केंद्र संख्या और तारीखें बढ़ाने पर ही संभल पाएगी व्यवस्था

खरीदी व्यवस्था सुधारने, प्रशासन मैदान में आया, एसडीएम ने किया निरीक्षण

सोहागपुर में मूंग खरीदी के मात्र पांच केंद्र होने से किसान असंतुष्ट हैं। किसानों ने सोहागपुर एसडीएम से केंद्र संख्या सहित स्लॉट बुकिंग तथा खरीदी की तारीखें बढ़ाने की मांग की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में मूंग खरीदी के मात्र पांच केंद्र होने से किसान असंतुष्ट हैं। किसानों ने सोहागपुर एसडीएम डॉ. बबीता राठौर से केंद्र संख्या सहित स्लॉट बुकिंग तथा खरीदी की तारीखें बढ़ाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि रविवार को डॉ. राठौर ने कुछ केंद्रों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण दौरान एसडीएम ने खरीदी व्यवस्था में किसानों से सहयोग की अपील की। एसडीएम ने खरीदी समितियों तथा वेयरहाउस प्रबंधनों को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित नियम और मानक अनुरूप खरीदी करें। एसडीएम डॉ. राठौर भाग्य ने श्री वेयरहाउस में कामती एवं माछा समिति केंद्रों का अवलोकन किया। उन्होंने पाया कि वेयरहाउस के मुख्य द्वार पर खड़े ट्रैक्टर ट्राली मालिक कृषक के पास इंट्री टोकन नहीं था एवं वे किसान उपज अंदर नहीं ले जा पा रहे थे, जिनके पास टोकन थे। एसडीएम ने कहा कि टोकन बिना ट्रैक्टर ट्राली अंदर नहीं जाएंगे। अतः एक किसान अपने साथी किसानों के लिए बाधा ना बने। उन्होंने उक्त ट्रैक्टर ट्राली हटवाए, तब टोकनधारी किसान उपज लेकर अंदर पहुंच सके। इस दौरान रिजेक्टेड मूंग भी बाहर भेजी गई। मौके पर उपस्थित भाग्य श्री वेयरहाउस संचालक हरगोविंद पुर्विया ने किसानों से कहा कि सर्वेयर जांचकर गुणवत्तापूर्ण उपज को टोकन देगा एवं टोकन पर ही उपज वेयरहाउस के अंदर होगी। उन्होंने कि समिति कर्मचारी टोकन नहीं देगा। हरगोविंद पुर्विया ने सर्वेयर से कहा कि ग्रीडिंग की गई मूंग की भी सही जांच के बाद ही टोकन दें। इस दौरान एसएडीओ एसके बर्डे, नायब तहसीलदार आरएस मरावी, मप्र वेयरहाउसिंग मैनेजर श्याम पटेल व सहकारिता निरीक्षक एसएस पगारे उपस्थित थे।

जगदंबा वेयरहाउस की व्यवस्था ठीक

हरिभूमि से चर्चा में नायब तहसीलदार आएएस मरावी व एसएडीओ एसके बर्डे ने बताया कि रविवार को जगदंबा वेयरहाउस गुरमखेड़ी का निरीक्षण किया। जहां किसानों से ग्रेडिंग कराकर उपज ली जा रही है। मरावी ने बताया कि उक्त केंद्र में सेवा सहकारी समिति बारंगी खरीदी कर रही है। समिति प्रबंधक मोहन गोस्वामी एवं वेयरहाउस मालिक राजेंद्र पटेल ने बताया कि बिना ग्रेडिंग के मूंग नहीं ल रहे हैं व प्रतिदिन 40 किसानों की उपज तोली जा रही है।

बढ़ानी होगी तारीखें व केंद्र

किसान नरेश पटेल गूजरखापा ने बताया कि वे उपज लेकर 27 जुलाई से लाइन में लगे हैं व पांच अगस्त आखिरी तारीख है। उनके वाहन के सामने 125 ट्रेक्टर खड़े हैं। छोटू पटेल नगतरा तथा सोनू पटेल बांसखापा ने भी यही समस्या बताई। किसानों के अनुसार कि शासन को स्लॉट बुकिंग व खरीदी की अंतिम तारीखों सहित केंद्र संख्या बढ़ानी होगी, ताकि खरीदी पूर्ण हो सके। मामले में एसएडीओ एसके बर्डे ने कहा कि सेमरी में मप्र वेयरहाउसिंग के तथा माछा समिति के एक-एक केंद्र बढ़ाने के प्रस्ताव भेजे हैं। स्वीकृति मिलने पर ब्लॉक में दो केंद्र और बढ़ेंगे।

बंद हो सकती है तुलाई..

हम्मालों के मुकदम कमलेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2025 में मूंग खरीदी व वर्ष 2026 में गेहूं खरीदी की हम्माली का भुगतान अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि दो दिन में हम्माली भुगतान नहीं किया गया तो तुलाई बंद कर दी जाएगी। अन्य खरीदी केंद्रों से भी यह समस्या सुनने में आ रही है कि हम्माली का भुगतान नहीं हो सका है। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एसके बर्डे ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया जा रहा है।

ब्लैक लिस्ट करें

किसान नेताओं का कहना है कि केंद्र संख्या बढ़ाने प्रशासन प्रयास कर रहा है, लेकिन वेयरहाउस संचालक सहयोग नहीं कर रहे हैं। जबकि उनके यहां भराव क्षमता से कम अन्य उपजें रखी हैं। मामले में किसानों तथा किसान नेताओं ने मांग की है कि जो वेयरहाउस संचालक खरीदी केंद्र बढ़ाने की प्रक्रिया में अपने वेयरहाउस की सहमत नहीं दे रहे हैं, उन्हें आगामी गेहूं खरीदी से बाहर रखा जाए। किसानों ने तो यहां तक मांग की है कि असहयोगी संचालकों को ब्लैक लिस्ट किया जाए।

बीजनवाड़ा पंचायत में मनरेगा में बड़े फर्जीवाड़े की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बीजनवाड़ा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत व्यापक वित्तीय अनियमितता और प्रशासनिक लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया है। वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच जारी मस्टर रोल पर बिना जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारी के हस्ताक्षर व सील के ही लगभग 13 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया। शासन एवं सरकार के नियमानुसार मनरेगा योजना के प्रत्येक मस्टर रोल पर भुगतान के पूर्व सरपंच एवं सचिव के हस्ताक्षर होना आवश्यक है, उसके बाद ही भुगतान किया जाता है। लेकिन सामाजिक अंकेक्षण की ग्राम सभा में कामों का सत्यापन किया गया था। जिसमें मुख्य बात यह सामने आयीं की मनरेगा योजना के मस्टर रोल पर भुगतान के पूर्व सरपंच एवं सचिव के हस्ताक्षर नहीं कराएं गये है,न ही सील लगाई गई है। यह भी कहा जा सकता है कि पंचायत के दोनों मुखिया को मनरेगा योजना के मस्टर रोल के भुगतान की जानकारी ही नहीं दी गई थी, या छिपाकर रखा गया और भुगतान किया गया था।

पहले भी हो चुकी शिकायतें

पहले भी पंचायत में आवास योजना में सर्वे सूची के आधार पर ही आधे कर दिए गए हैं। साथ ही विधायक ठाकुर दास नागवंशी की विधायक निधि से लगभग एक दर्जन सड़कों एवं कुछ नाली निर्माण कार्य किए गए हैं, उन कार्यों में भी शिकायत सामने आई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि मनरेगा और विधायक निधि के कार्यों में दोहराव और वित्तीय हेरफेर की भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

क्या होगी कार्रवाई?

बिना अधिकृत हस्ताक्षर के 13 लाख रुपये जैसी बड़ी राशि का खाता अंतरण हो जाना एक बड़ी वित्तीय गड़बड़ी और साठगांठ की ओर इशारा करता है। अब यह मामला जनपद और जिला पंचायत प्रशासन के लिए गहन जांच का विषय बन गया है। अब यह देखना है कि क्या प्रशासनिक अधिकारीयों द्वारा कार्यवाही की जायेगी या नही।

अकादमिक संवाद कार्यक्रम किया गया आयोजित

पिपरिया। विकास खंड की सांदीपनि विद्यालय परिसर में अकादमिक संवाद स्थापित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। प्राचार्य संजीव दुबे एवं शिक्षक पी एन दूबे मनीष जैन द्वारा किया गया। मुख्य बिंदु दक्षता को लेकर आर एस मेहरा ने प्रस्तुत किया गया। कौशल विकास मानसिक कौशल प्रशिक्षण व्यवहार एवं मुलयांकनशीध दक्षता व्यक्तिगत सहायक अध्यन कार्य भी अधिक कठिन हो ऐसी जानकारियां प्रदान की गई। गीत के माध्यम से प्राचार्य संजीव दुबे के ने समझाया गया। दक्षता को कक्षा 12को विशेष रूप से बताया गया। भाषाएं बोली जाती है, उनका भी ज्ञान होना आवश्यक है। इन सभी कार्यक्रमों में सहभागी बने ज्योति बुधौलिया मेधा वर्मा राजेश कुमार सतेंद्र भदौरिया पी एन दुबे सुरेश पटेल चंद्र भूषण परसाईं कंचन पचौरी ज्योति बान दीपिका चौबे प्रीतीवाला शर्मा शायना खान बंदना मेहरा सहित अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग से कार्य क्रम सम्पन्न हुआ।

5 को सोहागपुर पहुंचेगी कांवड़ यात्रा,10 को होगा महाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्रावण मास में शिव आराधना और मां रेवा भक्ति का अद्भुत संगम प्रति वर्षानुसार इस बार भी दिखेगा। जटाशंकर कांवड़ यात्रा समिति एवं भारत तिब्बत समन्वय संघ द्वारा तीन से 10 अगस्त 2026 तक 24 वीं जटाशंकर कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी।

सैकडों शिवभक्त होगें शामिल

कांवड़ यात्रा संयोजिका राजो मालवीय ने बताया कि सैकड़ों शिवभक्त मां नर्मदा का पवित्र जल कांवड़ों में लेकर पैदल जटाशंकर महादेव पचमढ़ी का जलाभिषेक करने पहुंचेंगे, जहॉ शिवभक्त भगवान महादेव का महाअभिषेक करेंगें। यात्रा आज नर्मदापुरम से रवाना होगी व 10 अगस्त को भगवान जटाशंकर महादेव के जलाभिषेक के साथ यात्रा का विधिवत समापन होगा।

5 अगस्त को होगा सोहागपुर आगमन

चार अगस्त को सेमरी हरचंद, पांच अगस्त को सोहागपुर एवं छह अगस्त को सोहागपुर से पिपरिया पहुंचेगी। सात अगस्त को मटकुली, आठ अगस्त को पगारा तथा नौ अगस्त को यात्रा अंबामाई पचमढ़ी पहुंचेगी। 10 अगस्त को श्रद्धालु भगवान जटाशंकर महादेव का मां नर्मदा के पवित्र जल से अभिषेक करेंगे।

पिपरिया में मूंग खरीदी पर सख्ती: बिना ग्रेडिंग नहीं बिकेगी उपज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्य प्रदेश में समर्थन मूल्य पर जारी मूंग खरीदी में लगातार हो रहे विवादों और अनियमितताओं के बाद प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। सरकार द्वारा खरीदी का दायरा 25% से बढ़ाकर 60% किए जाने के बाद खरीदी केंद्रों पर अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लग गईं। हालांकि, इन कतारों में वास्तविक किसानों से ज्यादा व्यापारी वर्ग के वाहन शामिल होने और मूंग में मिट्टी व दाल की अत्यधिक मात्रा होने की शिकायतें सामने आ रही हैं।मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी आकिफ खान ने तहसीलदार वैभव बैरागी को निरीक्षण के लिए भेजा। प्रशासन ने स्पष्ट आदेश जारी किए हैं कि खरीदी

केंद्र पर बिना ग्रेडिंग (छनाई/सफाई) कराई गई मूंग स्वीकार नहीं की जाएगी

ग्रेडिंग सेंटरों पर अवैध वसूली का आरोप

रशासनिक आदेश के बाद खरीदी केंद्रों से ज्यादा भीड़ अब ग्रेडिंग सेंटरों पर देखने को मिल रही है। किसानों का आरोप है कि ग्रेडिंग सेंटरों पर उनसे प्रति बोरी या वाहन 100 से 150 रुपये तक वसूले जा रहे हैं, जिसके बाद ही उनकी उपज का नंबर आ रहा है।इसके साथ ही, सर्वेयर, वेयरहाउस प्रबंधक और कंपनी के कर्मचारी मुख्य मार्ग पर ही वाहनों से रैंडम सैंपल ले रहे हैं।

कांटों की कमी,

तुलाई के लिए तौल कांटों की संख्या बेहद कम है, जिससे प्रक्रिया धीमी गति से चल रही है। हम्माल और मजदूरों की मनमानी, तुलावटी और हम्माल किसानों का सहयोग नहीं कर रहे हैं, जिससे तुलाई में घंटों का विलंब हो रहा है।

गड़बड़ी पर होगी सख्त कार्रवाई

रएसडीएम आकिफ खान और तहसीलदार वैभव बैरागी ने बताया कि वेयरहाउस संचालकों और केंद्र प्रबंधकों को व्यवस्थाएं सुधारने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि ग्रेडिंग के नाम पर अवैध वसूली या खरीदी प्रक्रिया में किसी भी तरह की गड़बड़ी की लिखित शिकायत मिलती है, तो संबंधितों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

तीन किमी तक लगी ट्रालियों की कतार, हाईवे हुआ जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी केंद्र वेयरहाउसों में हैं तथा सभी स्टेट हाईवे पर हैं। जहां सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर ट्रालियों की कतार देखी जा रही है। जिसके कारण स्टेट हाईवे पर जाम की समस्या बार-बार बन रही है। रविवार दोपहर लगभग दो घंटे तक सोहागपुर तथा सेमरी हरचंद के बीच जाम की स्थिति बनी रही। जाम में फंसे यात्रियों ने बताया कि पांच किलोमीटर दूरी तक स्टेट हाईवे पर दो घंटे से अधिक समय तक जाम लगा रहा। सोहागपुर पुलिस थाने के कर्मचारी काफी देर तक जाम खुलवाने में व्यस्त नजर आए। वहीं जाम में यात्री बसें, अन्य यात्री वाहन तथा एंबुलेंस भी फंसे रहे। एंबुलेंस फंसे होने के कारण मरीजों को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ा।

मित्रता दिवस पर महावीर भवन सभागार में वक्तव्य दिए

सच्चा मित्र वही, जो सही रास्ते पर चलने की दें प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

महावीर भवन सभागार में मित्रता दिवस के अवसर पर आर्यिका भावनामति ने प्रवचन में कहा कि सच्चा मित्र वही है, जो व्यक्ति को सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा दे। केवल साथ घूमने-फिरने, हंसी-मजाक करने या हर बात में हां मिलाने वाला व्यक्ति सच्चा मित्र नहीं होता।

संगति एवं मित्रों से प्रभावित होता जीवन

उन्होंने कहा कि मनुष्य अपनी संगति से ही बनता और बिगड़ता है। जिस प्रकार लोहे का टुकड़ा अग्नि के पास रहकर लाल हो जाता

है और बर्फ के पास रहकर ठंडा हो जाता है, उसी प्रकार व्यक्ति का चरित्र भी उसके मित्रों और संगति से प्रभावित होता है। उदाहरण देते हुए बताया गया कि दो विद्यार्थी साथ पढ़ते थे। एक विद्यार्थी नियमित रूप से मंदिर जाकर अभिषेक, पूजन, स्वाध्याय और अध्ययन करता था, जबकि दूसरा उसे पढ़ाई और धर्म से दूर रहने के लिए प्रेरित करता था। समय बीतने पर पहला विद्यार्थी समाज का आदर्श बन गया, जबकि दूसरा गलत संगति के कारण भटक गया। दोनों की बुद्धि समान थी, अंतर केवल मित्रों और संगति का था।

जैन धर्म देता जीवों के प्रति मैत्री का संदेश

प्रवचन में कहा गया कि जैन धर्म सभी जीवों के प्रति मैत्री का संदेश देता है, लेकिन संगति सद्गुणी और चरित्रवान व्यक्तियों की करने की सीख भी देता है। सच्चा मित्र वही है, जो गलत कार्य में साथ देने के बजाय गलत बात पर रोक लगाए और सही मार्ग दिखाए। आर्यिका भावनामति ने कहा कि गुरु, शास्त्र, धर्म और अपनी आत्मा मनुष्य के सबसे बड़े मित्र हैं। गुरु सही मार्ग बताते हैं, शास्त्र अज्ञान को दूर करते हैं, धर्म जीवन को पवित्र बनाता है और आत्मा जीवनभर साथ निभाती है।

संत ही हमारे सच्चे मित्र

उन्होंने बच्चों को शिक्षा दी कि आचार्यश्री विद्यासागर महाराज एवं आचार्यश्री समयसागर महाराज जैसे संत ही हमारे सच्चे मित्र हैं, जिन्होंने समाज को दोषों का त्याग कर सदाचार और आत्मकल्याण का मार्ग दिखाया। मंच पर संघ की आर्यिका सदयमति व भक्तिमति भी उपस्थित थीं।

नशा मुक्त युवा व विकसित भारत अभियान का शुभारंभ माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय में दिखाया लाइव प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नशा मुक्त युवा विकसित भारत अभियान का शुभारंभ करते हुए देश के युवाओं से सीधा संवाद किया।

इसी तारतम्य में श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में प्राचार्य डॉ.नीता चौबे के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा स्वयं सेवकों और विद्यार्थियों को लाइव प्रसारण दिखाया गया 1 *प्रधानमंत्री जी ने अपने उद्धबोधन में कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे समाज और परिवार को तोड़ देता है और देश की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा बनता है। इसलिए 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए यह जरूरी है कि हमारे

युवा नशे, मोबाइल और रील्स की लत से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को देश निर्माण में लगाएं। प्रधानमंत्री जी ने युवाओं को देश की सबसे बड़ी शक्ति बताया और कहा कि जब हम उन्हें खेल, विज्ञान, चंद्रयान जैसी उपलब्धियों और राष्ट्रीय अभियानों से जोड़ते हैं तो वे स्वतः ही गलत रास्ते से दूर हो जाते हैं।

फिट इंडिया और खेलो इंडिया जैसे अभियान इसी दिशा में काम कर रहे हैं क्योंकि एक प्रेरित युवा कभी नशे की ओर नहीं बढ़ सकता। उन्होंने 'मेरा युवा भारत' पोर्टल का जिक्र करते हुए बताया कि 1.5 करोड़ से अधिक युवा पहले ही राष्ट्र निर्माण से जुड़ चुके हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी ने ने कहा कि नशा मुक्त भारत अब सिर्फ एक सरकारी अभियान नहीं बल्कि एक जन आंदोलन बन चुका है। पिछले 3-4 सालों में 11 करोड़ से अधिक लोग इस अभियान से जुड़े हैं और अब तक 18 करोड़ से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जा चुका है। आज उन्होंने नशा मुक्त भारत सप्ताह 2026 का शुभारंभ किया और नशा मुक्ति मित्रों के लिए नया डैशबोर्ड लॉन्च किया ताकि स्वयंसेवक और बेहतर तरीके से काम कर सकें।

अंत में उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे कम से कम 5 लोगों को इस अभियान से जोड़कर शपथ लें और मिलकर नशा मुक्त, विकसित भारत का संकल्प पूरा करें। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से , डॉ.आई. एस. कनेश ,रासेयो के साथ साथ कार्यक्रम अधिकारी डॉ.कविता दुबे, डॉ.धर्मेंद्र सिंह चौहान, जन अभियान परिषद से श्री हर्ष तिवारी ,श्री अशोक मेहरा के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की जिला स्तरीय बैठक हुई

सत्ता को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही पंचायती राज का लक्ष्य: मुकेश पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की जिला स्तरीय बैठक रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय हरदा में संगठन की जिला अध्यक्ष नमिता पिपारदे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने, सत्ता के विकेंद्रीकरण तथा गांवों तक संगठन की पहुंच बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन विश्नोई ने सत्ता के विकेंद्रीकरण पर जोर देते हुए कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक मजबूती तभी संभव है, जब निर्णय लेने की शक्ति गांव और पंचायत स्तर तक पहुंचे। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हेमंत टाले ने शिक्षा, स्वास्थ्य और वन अधिकार सहित विभिन्न जनसरोकारों के विषय में संगठन की भूमिका पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि पंचायतों को उनके अधिकारों की जानकारी देकर और स्थानीय समस्याओं को सामने लाकर संगठन ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी भूमिका निभा सकता है। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पंवार ने संगठन में वंचित वर्गों के प्रतिनिधित्व को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत व्यवस्था का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम और कमजोर वर्ग तक लोकतांत्रिक अधिकारों और विकास के अवसरों को पहुंचाना है। संगठन के जिला प्रभारी मुकेश पंवार ने आगामी कार्ययोजना की जानकारी देते हुए कहा कि सत्ता को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना संगठन का प्रमुख उद्देश्य है। इसके लिए गांव-गांव संवाद स्थापित कर संगठन को मजबूत करना आवश्यक है।

उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि संगठनात्मक गतिविधियों और कार्यों की प्रति माह समीक्षा की जाएगी, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन और जमीनी गतिविधियों का नियमित मूल्यांकन हो सके। इसी अवसर पर जिला प्रभारी मुकेश पंवार ने ग्राम संवाद अभियान का शुभारंभ किया। अभियान के तहत संगठन के प्रत्येक पदाधिकारी को दो-दो गांवों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पदाधिकारी संबंधित गांवों में जाकर ग्रामीणों से संवाद करेंगे तथा स्थानीय समस्याओं, पंचायत व्यवस्था और जनहित के मुद्दों की जानकारी लेकर संगठन के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। बैठक में जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रमिला ठाकुर सहित जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्षगौरी शंकर शर्मा विधायक प्रतिनिधि राहुल पटेल, पूर्व नगर अध्यक्षआशुतोष कोठारी राजीव गांधी पंचायती राज संगठन करताना ब्लाक अध्यक्ष प्रियंका गोपाल यदुवंशी, सरोज चौरसिया रामचरण सिंधे रणछोड़ वैष्णव आत्माराम रामनारायण निवारे सुंदर लाल पार्षद, जनपद सदस्य एवं राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सहकारिता के क्षेत्र में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खरगोन ने रचा नया कीर्तिमान

उपार्जन, डिपॉजिट, लाभ, खाद वितरण व ऋण वसूली में प्रदेशभर में अग्रणी प्रदर्शन

पारदर्शी सेवाओं और शून्य प्रतिशत ब्याज योजना का मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, खरगोन ने सहकारिता एवं किसान हितैषी सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है। बैंक ने रबी उपार्जन, रासायनिक खाद वितरण, ई-विकास पोर्टल के सफल संचालन, कृषि ऋण वितरण एवं ऋण वसूली जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसके माध्यम से लाखों किसानों को समय पर शून्य प्रतिशत ब्याज योजना का लाभ एवं विभिन्न सहकारी सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंक की अमानतों में गत वर्ष की तुलना में 259.28 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक का सकल लाभ 30.88 करोड़ रुपये से बढ़कर 50.66 करोड़ रुपये हो गया, जबकि शुद्ध लाभ 4.04 करोड़ रुपये से बढ़कर 17.59 करोड़ रुपये पहुंच गया। वहीं बैंक के एनपीए में भी 0.58 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई, जो बेहतर वित्तीय प्रबंधन का परिचायक है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में खरगोन एवं बड़वानी जिले के 29 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 13,193 किसानों से 7.77 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का उपार्जन किया गया। इसके एवज में किसानों को 2,041 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। इसी प्रकार 4,415 किसानों से 14,277.75 मीट्रिक टन चना खरीदा गया, जिसके लिए 83.88 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया।

बैंक से संबद्ध खरगोन एवं बड़वानी जिले की 182 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से वर्ष 2025-26 में 3.03 लाख मीट्रिक टन रासायनिक खाद का भंडारण तथा 2.21 लाख मीट्रिक टन खाद का वितरण किया गया। राज्य शासन के ई-विकास पोर्टल के माध्यम से खाद वितरण व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाया गया है। किसानों को उनकी पात्रता एवं फसल क्षेत्र के अनुसार ऑनलाइन टोकन जारी किए जा रहे हैं, जिससे समय पर उर्वरक उपलब्ध हो रहा है और अनावश्यक भीड़ की स्थिति समाप्त हुई है। कृषि ऋण वितरण एवं वसूली के क्षेत्र में भी बैंक ने प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बैंक से संबद्ध 182 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को फसल ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्ष 2025-26 में बैंक ने 76.79 प्रतिशत ऋण वसूली दर्ज की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.32 प्रतिशत अधिक है। इस उपलब्धि के साथ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खरगोन प्रदेश में सर्वाधिक ऋण वसूली करने वाला जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बना है।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खरगोन की मुख्य कार्यपालन अधिकारी संध्या रोकड़े ने बताया कि शासन, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं भोपाल, अपेक्स बैंक भोपाल तथा संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं बैंक प्रशासक बी.एल. मकवाना के मार्गदर्शन में बैंक किसानों को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए बैंक पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहेगा।

28 वर्षीय युवक का शव कमरे में लटका मिला

हरदा। जिले के सिराली थाना क्षेत्र के ग्राम रोलगांव में शनिवार रात 28 वर्षीय युवक का शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। रविवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान आयुष मंत्री (28) पुत्र दीपक मंत्री के रूप में हुई है। वह खेती का काम करता था। जानकारी के अनुसार, उसकी शादी तीन साल पहले हुई थी, लेकिन कुछ दिन बाद उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। वह अपने पिता और बुजुर्ग दादी के साथ रहता था और परिवार का एकमात्र सहारा था। बताया गया कि शनिवार रात करीब 8 बजे आयुष अपने कमरे में गया था। कुछ देर बाद उसका शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। उसे तुरंत खिरकिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस के अनुसार, मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। सिराली थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

कांग्रेस आज विरोध प्रदर्शन करेगी

खरगोन। विशेष शस्त्र बल बटालियन की खरगोन में स्थापना को लेकर बनी असमंजस की स्थिति पर कांग्रेस पार्टी सोमवार को विरोध प्रदर्शन करेगी उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजेश मंडलोई ने बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा दोपहर 12बजे से श्रीकृष्ण टॉकीज चौराहे पर इस मुद्दे को लेकर के हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा इसके पश्चात इन हस्ताक्षरों से युक्त ज्ञापन को कांग्रेस के कार्यकर्ता रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचेंगे जहां वे शासन, प्रशासन और सरकार में बैठे खरगोन जिले के जनप्रतिनिधियों से इस मुद्दे को लेकर सवाल पूछेंगे और ज्ञापन सौंपेंगे।

कलेक्टर गुरु प्रसाद ने कहा-सामाजिक-विकास में सकारात्मक-पत्रकारिता की अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

नवागत कलेक्टर गुरु प्रसाद ने कहा है कि सामाजिक-विकास में सकारात्मक-पत्रकारिता की अहम भूमिका है। जहां प्रेस जागरूक है और जागरूकता लाने वाले लोग मौजूद हैं,वहां समुचित-विकास होता है। इसलिए पिछड़ेपन का सवाल ही नहीं है। उन्होंने जन-जागृति के लिए दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रेस की प्रशंसा की है। कलेक्टर प्रसाद,शनिवार को ग्राम मारुगढ़ स्थित मां भगवती मंदिर परिसर में हरिभूमि से अनौपचारिक चर्चा कर रहे थे। उन्होंने झिरन्या के सन्दर्भ में कहा कि इसे पिछड़ा क्षेत्र कहना उपयुक्त नहीं हैं। यहां सरकार की विभिन्न तोज्नाएं क्रियान्वित हो रही है और सभी क्षेत्रों में विकास हो रहा है। उनका पदभार ग्रहण करने के बाद यहां प्रथम आगमन हुआ। वे जवलंत-समस्याओं को लेकर काफी संवेदनशीलता प्रकट की,वहीं उन्होंने आवश्यक-कईवाई के लिए एसडीएम भीकनगांव लोकेश छापरे को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

आवागमन सुगम बनाने की पहल करेंगे

कलेक्टर प्रसाद ने एक सवाल के जबाब में कहा कि वे क्षेत्र में आवागमन सुगम बनाने की पहल करेंगे। इस प्रतिनिधि ने उनका ध्यान महत्वपूर्ण पुलों के निर्माण की ओर आकर्धित किया था। जिसमें सेतु निगम द्वारा प्रस्तावित जगदन नदी का पुल भी है,जिसका निर्माण अपरवेदा जलाशय के बेक वाटर में किया जाना है। लेकिन उसकी प्रशासकीय स्वीकृति भी नहीं मिली है। इसका निर्माण नहीं होने तक ग्रामीणों को आवागमन का समुचित लाभ नहीं मिल सकेगा।

अन्य पुलों की स्वीकृति भी लंबित

कलेक्टर को जानकारी दी कि भीकनगांव व्हाया झिरन्या-दामखेडा फाटा तक मार्ग (39.20 किमी) पर दो बड़े पुलों की प्रशासकीय स्वीकृति नहीं मिली है। इनमें मारुगढ़ की रुपारेल नदी और काठियाबंधन की वेदा नदी पर प्रस्तावित हैं। इसका निर्माण होने पर खोई-अपरवेदा फाटा से भीकनगांव तक आवागमन सुगम हो सकेगा। जबकि वर्तमान में आभापुरी-शिवना मार्ग से अधिक दूरी तय करना पड़ रही है। इसी तरह झिरन्या-खंडवा मार्ग की रुपारेल नदी पर भी पुल-निर्माण की ओर कलेक्टर का ध्यान आकर्षित किया।

अतिथि शिक्षकों का अनुमोदन नहीं

इस प्रतिनिधि ने कलेक्टर को बताया कि अतिथि शिक्षकगण जुलाई माह से स्कूलों में अध्यापन-कार्य करा रहें हैं। लेकिन जनजातीय विभाग द्वारा इसका अनुमोदन नहीं किया गया है। पिछले वर्ष भी इन्हीं कारणों से उन्हें जुलाई 2025 माह का वेतन भुगतान नहीं किया गया है। इन सभी मामलों में कलेक्टर प्रसाद ने एसडीएम लोकेश छापरे को आवश्यक निर्देश दिए हैं। इसके पूर्व उन्होंने लोक निर्माण संभाग खरगोन के कार्यपालन यंत्री आकाश दुबे से सड़क-निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर वीरेंद्र कटारे, तहसीलदार खुमानसिंह चौहान, जनपद पंचायत सीइओ रीमा अंसारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने झिरन्या विकासखंड का किया निरीक्षण

कार्यों की समीक्षा करते सीसीटीवी, सड़क सुधार स्वच्छता और बेहतर जनसेवाओं के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

कलेक्टर गुरु प्रसाद ने शनिवार को झिरन्या विकासखंड का निरीक्षण कर विभिन्न शासकीय कार्यालयों, स्वास्थ्य संस्थानों एवं शैक्षणिक संस्थाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशासनिक कार्यप्रणाली, जनसुविधाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत झिरन्या-बमनाला मार्ग पर पुल के निरीक्षण से हुई, जहां बारिश के कारण पुल के ऊपर बह रहे पानी की स्थिति का अवलोकन कर कलेक्टर प्रसाद ने सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने तथा संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर प्रसाद ने जनपद पंचायत झिरन्या का निरीक्षण किया। उन्होंने बड़े एवं संवेदनशील ग्राम पंचायतों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से 10-10 सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी ग्राम पंचायतों मंय नियमित साफ-सफाई, स्वच्छ वातावरण एवं बेहतर जनसेवाएं सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। वही जनपद पंचायत के माध्यम से दुकान निर्माण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर प्रसाद ने रिकॉर्ड रूम का अवलोकन किया। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं रिकॉर्ड का इंडेक्स तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता और कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे। कलेक्टर प्रसाद ने झिरन्या बस स्टैंड से शासकीय अस्पताल तक पहुंच मार्ग का निरीक्षण करते हुए सड़क के आवश्यक सुधार एवं मरम्मत कार्य शीघ्र कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, जिससे आमजन को आवागमन में सुविधा मिल सके। इसके पश्चात उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। यहां ओपीडी, ब्लड स्टोरेज, औषधि वितरण केंद्र सहित विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का निरीक्षण करते हुए उन्होंने भर्ती बच्चों एवं उनकी माताओं को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक व्यवस्थाएं और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गुरु प्रसाद ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया और शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों को शीघ्र गणवेश उपलब्ध कराने, कंप्यूटर कक्ष को रविवार के दिन भी संचालित रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर प्रसाद ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे, सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें तथा जनसेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर वीरेंद्र कटारे, एसडीएम लोकेश छापरे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

आरोपी युवक से 40 किलो मांस जब्त कर पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

रविवार को सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने बजरंग दल की शिकायत पर एक युवक को अवैध मांस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से लगभग 40 किलोग्राम मांस जब्त किया गया है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि यह गोमांस है। यह कार्रवाई विश्व हिंदू परिषद के विशेष संपर्क प्रमुख भूरेलाल विश्नोई (44) निवासी कडोला उबारी की रिपोर्ट पर की गई। पुलिस ने कुलहरदा मोहल्ले के निवासी सेहराज पिता अब्दुल सत्तार के खिलाफ मध्यप्रदेश कृष्ण पशु परिक्षण अधिनियम और मध्यप्रदेश गो वंश वध प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। बजरंग दल के जिला संयोजक मयूर मराठा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि कुलहरदा मोहल्ले में आबकारी कार्यालय के पास रहने वाला सेहराज अवैध रूप से खंडवा और बुरहानपुर से गौमांस लाकर बेच रहा है। कार्यकर्ताओं ने मौके पर जाकर देखा तो सेहराज के पास एक थैली में मांस मिला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

मयूर मराठा ने यह भी बताया कि आरोपी और उसके चार अन्य साथी लंबे समय से अवैध रूप से गौमांस बेचने में शामिल हैं। उन्होंने पूर्व में मानपुरा में एक महिला को ट्रेन से उतरकर स्कूटी से मांस ले जाते पकड़े जाने का भी जिक्र किया। सिटी कोतवाली थाना टीआई रोशनलाल भारती ने जानकारी दी कि बजरंग दल की शिकायत पर एक आरोपी को लगभग 40 किलोग्राम मांस के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने जब्त मांस का वजन कराकर जांच के लिए पशु चिकित्सक को बुलाया है। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि मांस किस पशु का है। पशु चिकित्सक ने बताया कि जब्त किए गए मांस का सैंपल प्रयोगशाला में भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह निश्चित रूप से कहा जा सकेगा कि मांस किस पशु का है।

चौरासी महादेव दर्शन यात्रा समिति ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया

30 व्यक्तियों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया, रक्तदान से सिकल सेल के मरीजों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

श्रावण मास के पावन अवसर पर 9 अगस्त को निकलने होने वाली चौरासी महादेव दर्शन यात्रा के उपलक्ष्य में रविवार को गायत्री मंदिर तिराहा स्थित संस्कृत विद्यालय परिसर में चौरासी महादेव दर्शन यात्रा समिति द्वारा विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 30 से अधिक व्यक्तियों द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का अनुकरणीय संदेश दिया। चैरासी महादेव दर्शन यात्रा समिति के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भावसार लाला ने बताया कि रक्तदान शिविर का उद्देश्य मानव सेवा के साथ युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रविंद्र वर्मा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ डीएस चौहान द्वारा शिविर का अवलोकन कर रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वर्मा ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके इस सेवा कार्य की सराहना की तथा समाज के अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान जैसे महादान में सहभागी बनने का आव्हान किया। साथ ही समिति द्वारा आयोजित इस पुनीत कार्य की सराहना की।

सिकल सेल के मरीजों को माह में 300 यूनिट रक्त की आवश्यकता

शिविर में पधारे सीएमएचओ डॉ चौहान ने कहां कि हमारे जिले में सिकल सेल का प्रकोप होने से मरीजों को एक माह में करीब 300 यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है। ऐसे समय में अगर शहर और जिले में इस तरह के शिविर आयोजित होंगे तो सिकल सेल के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। शिविर प्रभारी हर्ष ठक्कर ने बताया कि रक्तदान शिविर का सफल संचालन जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक के दल के सहयोग किया गया। इस अवसर पर ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. विनय सिंह चैहान, प्रभारी सचिन चैहान, अजय बघेल, पूजा सरकानूनगो, अनिल बिरला, महेंद्र खांडे व कृष्णा चैहान का सराहनीय योगदान रहा।

महर्षि दधीचि ने किया अपनी हड्डियों (अस्थियों) का दान

प्रेरणास्त्रोत पंडित जगदीश ठक्कर ने कहां कि महर्षि दधीचि ने जगत कल्याण और धर्म की रक्षा के लिए अपने शरीर का भी मोह नहीं किया और अपनी हड्डियों (अस्थियों) का दान कर दिया था। जिस प्रकार उन्होंने अपना शरीर देवताओं के कल्याणार्थ दान किया था उन्ही ऋषि को याद कर यह समाजिक कार्य हमारी समिति ने किया, जो धार्मिक एवं सामाजिक कार्य का अनोखा संगम हुआ।

नव दंपती ने पहली बार किया रक्तदान

कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने बताया कि आयोजित रक्तदान शिविर में खरगोन निवासी जगजीत छाबड़ा व उनकी धर्मपत्नी साक्षी छाबड़ा जो कि एक नव दंपत्ति है, उन्होंने भी शिविर में आकर पहली बार रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि हमें पहली बार रक्तदान किया, जिससे हमें बहुत अच्छा लगा और हम यही अपील करेंगे कि सभी को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि अपने रक्तदान से किसी को नई जिंदगी मिल सकती है।

लक्ष्य से अधिक रक्तदान करने पर मोमेंटो व प्रमाण पत्र दिए

समिति सचिव प्रतीक गुप्ता ने बताया कि आयोजित रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक के लक्ष्य से अधिक रक्तदान करने पर चौरासी महादेव दर्शन यात्रा समिति को मोंमेंटो व प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए समिति का अभिवादन किया। इस अवसर पर रक्तदाताओं को चौरासी महादेव दर्शन यात्रा समिति द्वारा भी सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र देकर उनका अभिनंदन किया गया। उपाध्यक्ष किशोर रघुवंशी व गुरूदत्त परसाई, सचिव प्रतीक गुप्ता, कोषाध्यक्ष लोकेश गोले यात्रा संयोजक दिलीप सोनी एवं कैलाश महाजन, सहसचिव महेंद्र मैना व प्रशांत चैहान, सदस्य राघवेंद्र आचार्य, जयदीप ठक्कर, राघव ठक्कर सहित समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

16 वर्ष की कानूनी लड़ाई के बाद कर्मचारियों को मिला न्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

मध्य प्रदेश के आदिवासी विकास विभाग में पिछले 30-35 वर्षों से कार्यरत आकस्मिकता, दैनिक वेतनभोगी (कंटेंजेंसी) कर्मचारियों के लिए हाई कोर्ट इंदौर बेंच से न्याय की एक बड़ी खबर आई है। वर्षों की कानूनी लड़ाई और कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बाद आखिरकार कर्मचारियों को उनके हक का नियमित वेतनमान मिलने का रास्ता साफ हो गया है। खरगोन, बड़वानी और धार जिले के आदिवासी विकास विभाग में वर्ष 1990-95 से कार्य कर रहे कर्मचारियों ने नियमित वेतनमान की मांग को लेकर वर्ष 2011 से कानूनी लड़ाई शुरू की थी। जों सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंची थी जिसे अधिवक्ता सांवले द्वारा रिमांड बेक करवाकर जिसमें 28 फरवरी का आदेशः हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को कर्मचारियों को नियमित वेतनमान दिए जाने के आदेश दिए थे। आदेश का पालन न होने पर अधिवक्ता द्वारका प्रसाद सावले द्वारा अवमानना याचिका दर्ज की गई। न्यायाधीश संदीप एन भट्ट की पीठ ने राज्य सरकार द्वारा आदेश की अवहेलना पर कड़ा रुख अपनाया। 30 जुलाई का फैसला एवं निर्देश सुनवाई के दौरान आदिवासी विभाग के आयुक्त तरुण राठी ने शपथ पत्र प्रस्तुत किया। कर्मचारियों के पांच वर्ष पश्चात का नियमित वेतन एवं उसका एरियर कि सम्पूर्ण राशि संबंधित के कर्मचारियों के खाते में जमा किया जाए। हाई कोर्ट ने कर्मचारियों को 5 वर्ष पश्चात की सेवा अवधि से संपूर्ण नियमित वेतन का बकाया (एरियर) उनके खातों में जमा किया जाए।

कर्मचारियों को दफ्तर बुलाकर प्रक्रिया पूरी कर रहे

विभाग में हलचल और न्यायालय के कड़े रुख के बाद पिछले 3 दिनों से जिला कार्यालयों में संबंधित कर्मचारियों को दफ्तर बुलाकर प्रक्रिया पूरी की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा अवमानना कार्रवाई से बचने के लिए उसी दिन डिविजन बेंच मे अपील की गई थी। हालांकि, न्यायालय ने 425 दिनों की देरी को आधारहीन मानते हुए स्टे देने से इनकार कर दिया। 30-35 वर्षों की सेवा के बाद आखिरकार कर्मचारियों को उनका वाजिब हक मिला है। 16 साल लंबे चले इस विधिक संघर्ष में यह कर्मचारियों के लिए अंतिम सांस में मिला वास्तविक न्याय है ।